सार-समाचार

हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी नगर पुलिस ने खरखड़ा में महिलाओं पर हुए जानलेवा हमले के दो आरोपियों को देर शाम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने जमीन के विवाद को लेकर घर में अकेली महिलाओं पर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार की है। थानाधिकारी विजय सिंह चंदेल ने बताया कि 17 जून को कीरो की ढाणी तन खरखड़ा निवासी रामसिंह ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि रात करीब 11 बजे उनके पड़ोसी धर्मपाल, अशोक, बिल्लू एकराय होकर उनके घर पर आए तथा घर में महिलाओं को अकेली देखकर जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान हमले में शारदा देवी, विनोद देवी, सावित्री घायल हो गई थी, जिन्हें हालत गंभीर होने पर चौमूं के निजी अस्पताल में ले जाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए गए। इस दौरान पुलिस की टीम ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर बिल्लू पुत्र जगदीश व अशोक कुमार पुत्र जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों से प्रथम पूछताछ में सामने आया कि जमीन के विवाद को लेकर उन्होंने घर में अकेली महिलाओं पर लोहे की राड़ से हमला कर फरार हो गए थे। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है

कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

बीदासर, (निसं)। सुजानगढ़ में एएनएम के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर रविवार को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सीएचसी बीदासर में एक घंटे का कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा तथा रोगी इधर-उधर भटकते नजर आए। सीएचसी के बाहर प्रदर्शन कर रही एएनएम, एलएचवी संघ की सरोज भामू ने बताया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की जाती तब तक आंदोलन को ओर उग्र कर सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार की रूपरेखा बनाई जाएगी। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने एएनएम के साथ हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की तथा साथ ही जिला कार्यकारिणियों द्वारा सोमवार से सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा। नर्सेज लीडर सरीता जाखड़ ने बताया कि घटना को आज चार दिन बीत जाने के बावजूद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना बड़े शर्म की बात है। आरोपी की अविलम्ब गिरफ्तारी न होने पर नर्सेज को बड़े आंदोलन की ओर अग्रसर होना पड़ेगा। सीएचसी के बाहर प्रदर्शन में रूपचंद दर्जी, सुमन कस्वा, सरला सैन, सरला स्वामी, धर्मदत्त शर्मा, मनमोहन शर्मा, संतोष, प्रिंयका, सरोज ढाणी कालेरान आदि कार्मिक उपस्थित थे।

नवीन सत्र का शुभारंभ

सीकर, (निसं)। जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित प्रिंस कॉलेज सिविल सर्विसेज डिवीजन में बीएससीए बीए एवं बीकॉम के साथ आईएएसए, आरएएस, एसएससी सीजीएल एवं सीडीएस की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों हेतु नवीन सत्र का शुभारंभ हुआ।सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रथम दिन विद्यार्थियों का यूपीएससी, आरपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का ओरिएंटेशन सेमिनार हुआ एवं कक्षाओं की शुरुआत हुई। प्रथम दिन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

एएनएम से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

सादुलपुर, (निसं)। जिले के सुजानगढ के ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत एक संविदा पर कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एएनएम महिलाओं-ने विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आरोपी को तुरन्त गिरफ्तार कर कडी सजा दिलवाने की मांग की है।

वहीं मामले को लेकर

- **कहा 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन**
- **शहरी पीएचसी के समक्ष नर्सिंगकर्मियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन**

दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विधायक को एएनएम ने ज्ञापन सौंपा।

एल.एच.वी./ए.एन.एम. संघ ऑफ राजस्थान के ब्लॉक राजगढ की नर्सिंग कर्मियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार किया। तथा राजकीय अस्पताल (शहरी) के सामने प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान रूपकला वर्मा-एएनएम ने कहा कि घटना होने के बाद सभी चेत जाते है, मगर ऐसी घटना न हो इसको लेकर कोई कुछ नहीं कर रहा, कुछ महिला कर्मचारियों को अब भी घटना की आशंका के भय में ड्यूटी करनी पड रही है। कई जगह अस्पताल सुनसान जगह बने हुए है, तो कही श्मशान भूमि के पास भी अस्पताल बने हुए है। उनमें तैनात महिला कर्मचारी रात को अकेले में ड्यूटी पर रहती है। जिससे उनके परिजनों को हर वक्त चिंता में डूबा रहना पडता है। उन्होंने ऐसी जगहों पर गार्ड लगवाने की मांग की। शनिवार सुबह घटना को लेकर नर्सिंगकर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिला तथा 2 घण्टे का कार्य बहिष्कार कर कर्मचारियों ने उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी,-सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली व बीसीएम के नाम शहरी अस्पताल प्रभारी मनीष मीणा को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर आरोपी को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की। एएनएम ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने कहा कि हमने प्रशासन से 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। अगर 24 घंटे में आरोपी तो गिरफ्तार नहीं किया गया तो अन्य संगठनों को साथ लेकर आंदोलन करेंगे तथा आदोलन तब तक करेंगे जब तक हमारी मांगे पुरी नहीं होंगी। इसी दौरान कमलेश चौधरी, रूपकला, सुनीता, शंकुतला, धनपति, शर्मिला देवी, सरबती देवी, पिकू देवी, किस्तुरी, राजबाला, सरोज, प्रियंका, मुन्नी, मनोज कुमारी, मुनेश, निर्मला देवी, मनेष देवी व ओमपति सहित एएनएम उपस्थित रही।

सार-समाचार

शिविर प्रशिक्षण का समापन

पाटन, (निसं)। जिले के खेतड़ी मोड़ चौराहे पर स्थित पीएम श्री जमुना देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पिछले डेढ़ माह से चल रहे ठाीष्मकालीन कौशल विकास अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को समारोह पूर्वक किया गया। शिविर में 151 प्रशिक्षणार्थियों को अनेक तरह के प्रशिक्षण के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले में पहली बार पेंटिंग ,पेपरमेसी व क्ले मॉडलिंग में अलग-अलग कलाकृतियां बनाकर बच्चों ने अपना हूनर आमजन के सामने रखा। बच्चों ने सुंदर-सुंदर भित्ति चित्र बनाकर जिले में पहली बार कला की विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर बच्चों ने दर्शकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया। चित्रकार सुरेश यादव ने बताया कि सुंदर कलाकृतियां बनाने में मुख्य भूमिका सलोनी टेलर व अनु वर्मा जो कमला मोदी महाविद्यालय की छात्राएं हैं, इनके अलावा पेपरमेसी में अराध्या अग्रवाल,दिव्यांशी शर्मा व पारुल अठावाल रही। और नृत्य में सबसे सराहनीय संध्या शर्मा का रहा।राजकीय स्कूल प्रधान व शिविराधिपति शेरसिंह व स्काउट गाइड स्थानीय संघ सचिव दिलीप कुमार तिवाड़ी ने बताया कि शिविर के दौरान बालकों में छुपे हुए टैलेंट को निखारने और सर्वागीण विकास के लिए 151 छात्र व छात्राओं ने सैल्फ डिफेंस, इंग्लिश स्पोकन, वेस्ट से बेस्ट बनाना, संगीत, नृत्य, ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई बुनाई, कढ़ाई, कंप्यूटर, स्केटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में ज़िले के सभी मंडलों पर रविवार को एक-एक पौधा लगाया गया। इसी क्रम में झुंझुनूं नगर मण्डल में नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में बगड़ रोड़ स्थित मुनि आश्रम परिसर में भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में एक पौधा लगाया गया।इस मौक़े पर राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पुनिया, जिला संयोजक सोशियल मीडिया पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष इंद्राज सैनी, महेश जिनगर, नगर महामंत्री विजय शंकर जोशी, विजेंद्र हटवाल, मनोज कुंडलवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रवि लांबा, रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, ठामीण मंडल से इन्द्राज सैनी, राजेन्द्र ठठेरा, लीलाधर पुरोहित, महेंद्र सोनी मणि विहार, एडवोकेट अनुपम शर्मा,जगदीश गोस्वामी, मनोज राजोरिया, जय प्रकाश चौधरी, बुधराम कुमावत,श्रीराम सैनी, सौरभ जोशी, संदीप गोयल, विनोद चौहान, मंजू चौहान, रानी ठठेरा एवं कंचन कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पशुपालन विभाग तैयारियां में जुटा

पाटन, (निसं)। आगामी मानसून को देखते हुए पशुपालन विभाग अपनी तैयारियां में जुट गया है। जिला पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानियां ने बताया कि पशुओ को रोगों से बचाव की दिशा में सघन टीकाकरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को इस बाबत कार्य योजना बनाकर टीकाकरण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए गए है। डॉ मेहरानियां ने बताया कि पशुपालकों को जून-जुलाई माह में आवश्यक रूप से अपने पशुओँ का गलघोंटू, लंगड़ा बुखार और फडकिया रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण करवा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीकाकरण करवाने के बाद पशुओँ में रोगों से प्रतिरक्षा उत्पन्न होने में 2-3 हफ्ते का समय लग जाता हैं। अत: मानसून के आने से पूर्व ही टीकाकरण करवा लेना अधिक फायदेमंद रहता हैं। ताकि मानसून आने तक पशुओं में पर्याप्त प्रतिरक्षा उत्पन हो जाए। मानसून आने के बाद एक बार रोग प्रकोप फैल जाने पर उसको नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता हैं और पशुधन की हानि उठानी पड़ती हैं। साथ ही जिन क्षेत्रों में पूर्व के वर्षों में रोग प्रकोप फैला हैं वहाँ के पशुपालकों को अधिक सावधान रहने की आवश्यकता हैं।

विद्युत लाइन का तार टूटा

सादुलपुर, (निसं)। नंद प्लाजा से मिनी सचिवालय की ओर जाने वाले मुख्य सडक मार्ग पर रविवार दोपहर 1.30 बजे आसपास अचानक विद्युत लाइन का तार टूट जाने तार के कारण लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। जबकि इस रास्ते पर दिनभर लोगों की भीड रहती है। इसी दौरान डेढ घंटे से भी अधिक समय तक टूटे तार को दुरुस्त नहीं करने के कारण दुकानदारों ने रोष प्रकट किया। वहीं घटना के बाद दुकानदारों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत फोन कर विद्युत लाइन को बंद करवाया। वहीं टूटे विद्युत तार को ठीक करवाने की मांग की, मगर डेढ घंटे से भी अधिक में समय बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा टूटे विद्युत तार को ठीक नहीं करवाया है। जिसके कारण भीषण गर्मी में लोगों को उमस व गर्मी से बहाल होना पडा।

मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर रविवार को भाजपा के नगरमण्डल के कार्यालय में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुऐ विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महान क्रांतीकारी थे। उनके प्रयासो से देश में अखण्ड भारत का सपना साकार हुआ।

अग्रसेन नगर फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर लंबे समय से चली आ रही अठासेन नगर फाटक की समस्या के हल आखिर निकल ही गया।

अब अग्रसेन फाटक पर ओवर ब्रिज बनने जा रहा है। राज्य सरकार व रेल प्रशासन दोनों इस ओवरब्रिज में लगने वाली राशि का भार वहन करेंगे। गौरतलब रहे कि शहर में अठासेन नगर के निवासियों को लंबे समय से यह समस्या का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि दिन में अनेक बार फाटक बंद होने से वाहन चालको व आपातकालीन सेवा से जुड़ें लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी । वहीं दूसरी ओर चूरू .जयपुर रोड़ पर बने ओवरब्रिज पर भी भारी वाहनो के वर्जित होने के कारण भारी वाहन अठासेन नगर होकर गुजर रहे थे । जिस कारण अठासेन नगर में रहने वाले लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जयपुर रोड़ पर बने ब्रिज में भारी वाहनों का आवागमन काफी लंबे समय से बंद था। जिसके चलते सभी वाहनों को फाटक पार करके अठासेन नगर के अंदर से होकर मुख्य सड़क पर आना होता था। जिससे कोलोनीवासियों को काफी समस्याएं हो रही थी।वहीं जहां एक ओर नए अठासेन नगर पर बनने वाले ओवरब्रिज की खुशी आम जनता में हैं, वहीं दूसरी ओर चर्चा हैं कि चूरू . जयपुर रोड़ पर बने ओवरब्रिज जैंसी कहीं यह ओवरब्रिज भी राजनीति का शिकार न हो जाएं। उल्लेखनीय रहे कि चूरू . जयपुर रोड़ पर बने ओवरब्रिज पर भारी वाहनो का प्रवेश लंबे समय से वर्जित हैं। क्योकि ओवरब्रिज के हालात ठीक नहीं है।

भाजपा बिखराव के माहौल को संभाल नहीं सकी

झुंझुनूं, (निसं)। लोकसभा चुनावों के परिणामों से पहले चर्चा थी कि प्रदेश में यदि सबसे ज्यादा वोटों से भाजपा के किसी उम्मीदवार की हार होगी तो वह झुंझुनूं से शुभकरण चौधरी है। लेकिन परिणाम आए तो उसका उलटा परिणाम नजर आया। चौधरी भाजपा के हारने वाले उम्मीदवारों में सबसे कम वोटों से हारने वाले प्रत्याशी के रूप में सामने आए। शुभकरण चौधरी और उनके समर्थक और वो भाजपा कार्यकर्ता-नेता अब मलाल कर रहे है कि थोड़ी सी कोशिश और कर लेते तो परिणाम कुछ और होते। इधर, कांग्रेस के बृजेंद्र ओला के समर्थक और कांग्रेस भी यही सोच रही है कि यदि थोड़ी सी भी ढिलाई बरतते तो सांसदी का ख्वाब इस बार भी अधूरा रह जाता।

बहरहाल, अब बात करते है कि सियासी समीकरणों की। पूरे चुनावों में कांठोस ने एकजुटता का मैसेज देकर झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में यह माहौल बना दिया था कि कांग्रेस ना केवल एक है। बल्कि उसका हर एक नेता और कार्यकर्ता जीत के लिए पसीना बहा रहा है। तो दूसरी तरफ भाजपा नेता या तो घरों के बाहर नहीं निकले। निकले तो भी वे मंच पर मोदी-मोदी बोलते और बाहर आकर यही बोलते नजर आए कि चुनाव तो भाजपा हार गई। इस सबसे बड़े फैक्टर ने भाजपा को चुनाव हरवा दिया। हालांकि चूरू से राहुल कस्वां की टिकट कटना, अग्निवीर स्कीम, किसान आंदोलन, राजपूत वोटरों की नाराजगी भी प्रमुख कारणों में शामिल रहे। फिर भी शेखावाटी में शुभकरण चौधरी ने अपने दम पर जिस मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। आज वो सियासी हलकों में चर्चित हो गई है। इधर, कांग्रेस ने भी चुनाव जीत लिया है। मगर फिर भी कांग्रेस के कैंप में वो खुशी नहीं है। जो होनी चाहिए। दरअसल कांठोस अपनी जीत एक लाख से अधिक वोटों से मानकर चल रही थी। ऐसे में आंकड़ा 18 हजार के करीब ही आकर अटक गया। जो कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए अलार्म है कि कांठोस जीती तो है। पर भाजपा के बिखराव और कांग्रेस के पक्ष में माहौल के कारण। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि कांठोस ने पहली बार एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा और इसी एकजुटता के माहौल ने जीत तक बृजेंद्र ओला को पहुंचा दिया। भाजपा को सर्वाधिक नुकसान खेतड़ी और झुंझुनूं में हुआ। खेतड़ी में हजारों की बढत सैंकड़ों में तब्दील हो गई। झुंझुनूं में भाजपा के नेता और उनके समर्थक उप चुनावों के ख्वाब लेने के लिए घर जाकर सो गए। हालांकि फतेहपुर और मंडावा से पहले भी आस कम ही थी। लेकिन फिर भी जितनी कमजोरी सोच रही थी। भाजपा को उतनी कमजोरी मिली नहीं।

कांग्रेस ने विकास से दूर रहते हुए शहरों में विकास नहीं होने दिया : मंत्री खर्रा

सीकर, (निसं)। भाजपा की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ जनसुनवाई की शुरूआत रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में हुई। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, जिला महामंत्री संजय सैनी व नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी मंचस्थ रहे। अतिथियों ने भारत माता व पार्टी के संस्थापकों की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यूडीएच मंत्री खर्रा ने भाजपा के संस्थापक डॉ. प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

जनसुनवाई में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास से दूर रहते हुए शहरों में विकास नहीं होने दिया। खर्रा ने कहा कि सीकर में स्वीकृत पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपनी जमीन देने के लिए साढ़े आठ करोड़ मांगे थे। रेलवे ने कहा कि चाहे यह स्थानीय निकाय जमा कराये या राज्य सरकार। उस समय राज्य में कांग्रेस सरकार थी और शहर में कांग्रेस का बोर्ड था।

खर्रा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि दोनों ही जगहों पर कांग्रेस शासन में रहते हुए वह रूपये जमा नहीं करवाये और पुलिया का काम अटक गया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही रेलवे विभाग को साढ़े आठ करोड़ रूपये जमा करवाये और पुलिया के काम को गति मिलनी शुरू हो गई। कार्यकर्ताओं को यह बात जनता के बीच में पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही बिजली के मामले में कांग्रेस ने किया। खर्रा ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय कोयला खराब मंगवाया गया जिससे वह उतनी बिजली उत्पादन नहीं कर सका जो होनी चाहिए। नतीजा खराब कोयला आने से बिजली बनाने के संयंत्र भी खराब हो गये। भाजपा के शासन में आते ही अच्छी क्वालिटी का कोयला मंगवाया और अब बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल रही है।खर्रा ने कहा कि पेयजल संकट के लिए कांग्रेस सहित अन्य दल भी जिम्मेदार है।

भाजपा ने हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है लेकिन विपक्षी पार्टियों ने रोड़े अटकाने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे जनसमस्याओं को लिखकर जिलाध्यक्ष व पूर्व सांसद को दे जिसे राज्य सरकार दूर करवाने का हरसंभव प्रयास करेगी। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई की शुरूआत की अच्छी पहल हुई है। यहां कार्यकर्ताओं से जनहित से जुड़ी समस्याओं को सुना जाएगा और उन्हें दूर करवाने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि निकाय चुनावों के लिए जितना परिसीमन जरूरी है उतना कार्यकर्ता के लिए परिश्रम भी जरूरी है। कहा कि वे जनसुनवाई में बैठेंगे और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे। पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने स्थानीय निकाय की जनता से जुड़ी समस्याओं को रखा। पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा व केडी बाबर ने स्थानीय नगर परिषद में विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई की शुरूआत होने से अब जनता से जुड़ी समस्याओं को समाधान हो सकेगा।

'मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया'

झुंझुनूं, (निसं)। जनसंघ के संस्थापक भारत के श्रेष्ठ राजनीतिज्ञ रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा के नेतृत्व में मुनि आश्रम के समक्ष मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता

- **मुखर्जी ने एक देश, एक निशान, एक संविधान, एक प्रधान का मंत्र दिया : कमल कान्त शर्मा**

भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

व अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। कांग्रेस के द्वारा संविधान में धारा 370 को जोड़ने का मुखर्जी ने जमकर विरोध किया था। उन्होंने इसे अखंड भारत के संविधान पर कुठारा घात बताया था। नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने कहा कि अखंड भारत का स्वप्न देखने वाले पहले राजनेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश ,एक निशान ,एक संविधान ,एक प्रधान का मंत्र दिया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर मुखर्जी के अखंड भारत के स्वप्न को साकार किया।राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पुनिया ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांठोस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था।तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंड़ता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने एक व्यापक आंदोलन शुरू किया था।इस मौक़े पर जिला संयोजक सोशियल मीडिया पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष इंद्राज सैनी, महेश जिनगर, नगर महामंत्री विजय शंकर जोशी, विजेंद्र हटवाल, मनोज कुंडलवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रवि लांबा, रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, ठामीण मंडल से इन्द्राज सैनी, राजेन्द्र ठठेरा, लीलाधर पुरोहित, महेंद्र सोनी मणि विहार, एडवोकेट अनुपम शर्मा,जगदीश गोस्वामी, मनोज राजोरिया, जय प्रकाश चौधरी, बुधराम कुमावत, श्रीराम सैनी, सौरभ जोशी, संदीप गोयल, विनोद चौहान, मंजू चौहान, गायत्री पुजारी, देविका सैन, विनोद शेखावत, रूपा चनानिया, मधु मोरारका, रानी ठठेरा एवं कंचन कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्युत पोल टूटा

सादुलपुर, (निसं)। ट्रक की टक्कर से सिद्धमुख में विद्युत पोल टूट जाने के कारण रविवार को बडा हादसा होते होते टल गया। लेकिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी उठानी पडी। इसके अलावा गर्मी के कारण तथा लोड अधिक होने से अनेक स्थानों पर विद्युत तार भी टूट गए। गर्मी और परेशानियों के बीच विद्युत कार्मिकों ने दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की तो लोगों ने राहत की सांस ली। सिद्धमुख भादरा सडक पर स्थित मस्जिद के पास सुबह आठ बजे एक ट्रॉले की चपेट में आ जाने के कारण विद्युत पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया।

हालांकि घटना के वक्त समय रहते विद्युत आपूर्ति बंद हो गई अन्यथा बडा हादसा घटित हो सकता था। यही हाल बालाजी मंदिर रेलवे स्टेशन रोड पर लगे हुए ट्रांसफार्मर से तार टूटकर जमीन पर गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार विद्युत तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है तथा गर्मी के मौसम में बिगडी विद्युत व्यवस्था के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड रही है।

विद्युत कार्मिकों ने बताया कि लोड अधिक होने से तार डैमेज हो रहे हैं विद्युत कार्मिकों ने लगातार मेहनत कर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने के साथ-साथ टूटे तारों को दुरुस्त कर दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की। इसके बाद लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की वहीं अनेक लोगों ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में विद्युत कार्मिक जान जोखिम में डालकर तथा विद्युत पोलो पर चढकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का काम करते हैं ऐसे लोगों का हौसला बढाना चाहिए।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण

भाजपा संस्थापक डॉ.श्यामा प्रखाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई।

सीकर, (नि.सं.)। भाजपा के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रखाद मुखर्जी की पुण्य तिथि रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में मनाई गई। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ानाए जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी की फोटो के समक्ष पुष्पांजलि से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कार्यालय में पार्टी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण भी किया।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ाना ने कहा कि भाजपा के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दे दिया। वे कहा करते थे कि एक ही देश में दो निशान व दो विधान नहीं चल सकते। कहा कि उन्होंने हमेशा इसका विरोध किया और इसके लिए अपने प्राणों की भी आहूति दे दी। ऐसे महापुरूषों से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।जिलाध्यक्ष डा. कमल सिखवाल ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसका श्रेय डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं को है। जिन्होंने पार्टी की स्थापना देश हित में की। कहा कि डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा से ही कश्मीर में अलग निशान व अलग विधान को लेकर विरोध किया। कहा कि देश में कांग्रेस शासन के समय जो यातनाएं जनता को दी और जनता ने उन यातनाओं को झेला उनसे छुटकारा दिलाने के लिए भाजपा की स्थापना दी। ऐसे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कश्मीर को लेकर जो पीड़ा थी उसे सबके सामने रखा और हमेशा इसका विरोध किया। ऐसे महापुरूषों के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारना चाहिए।भाजपा जिला कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भढ़ाना सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण करते हुए उनकी संभाल का जिम्मा भी लिया। सभी ने कहा कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में सर्वाधिक पौधारोपण करते हुए राजस्थान को हरा.भरा रखने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान जिला महामंत्री संजय सैनी, ओमप्रकाश बिजारणियां, नेमीचंद कुमावत, डॉ. बीएल रणवां आदि मौजूद रौग।